दिन—बुधवार दिनांक— 03 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि :— 05 मिनट

---

राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा है कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार प्रदान करेगी। विधान मंडल के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत जिन महिलाओं का रोजगार अच्छा चलेगा, उन्हें दो लाख रुपये तक की अतिरिक्त सहायता प्रदान की जाएगी। श्री खां ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं के विकास पर सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अब सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध कराई जा रही है। राज्यपाल ने बिहार के विकास में केंद्र सरकार की भूमिका की भी सराहना की।

————————————————————————

बिहार विधानसभा में नीतीश कुमार को सदन का नेता घोषित किया गया है। तेजस्वी प्रसाद यादव नेता प्रतिपक्ष होंगे। विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने आज इसकी घोषणा की। साथ ही सदन पटल पर बिहार अग्नि शमन सेवा संशोधन नियमावली—दो हजार पच्चीस और बिहार अमीन संवर्ग नियमावली—दो हजार पच्चीस समेत राज्यपाल द्वारा मंजूर किये गए कई अध्यादेशों की प्रति सदन पटल पर रखी गयी। इसके अलावा, वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस का द्वितीय अनुपूरक बजट भी सदन पटल पर रखा गया। इससे पहले, सदन ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, विधानसभा के पूर्व सदस्य श्री चंद्र सिंह और हरिनंदन यादव तथा पूर्व विधान पार्षद राणा गंगेश्वर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की।

————————————————————————

बिहार विधान परिषद के दो सौ ग्यारहवें सत्र की आज शुरूआत हुयी। परिषद की कार्यवाही शुरू होने पर राज्यपाल के अभिभाषण की प्रति सदन पटल पर रखी गई। इस पर कल वाद—विवाद होगा। इसके बाद मंत्री दिलीप जायसवाल ने द्वितीय अनुपूरक व्यव विवरणी सदन पटल पर रखा। साथ ही बिहार नगर पालिका संशोधन अध्यादेश भी परिषद में रखा गया। इससे पहले, सदन ने पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक, झारखंड के

पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन, पूर्व विधान पार्षद राणा गंगेश्वर सिंह, चंद सिंह और हरिनंदन यादव तथा जाने–माने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र के निधन पर शोक प्रकट किया।

———————————————————————

केंद्रीय खाद्य, सार्वजनिक वितरण और उपभोक्ता मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि देश भर में शत–प्रतिशत राशन कार्ड अब डिजिटल हो चुके हैं। आज लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्नों के उत्तर में श्री जोशी ने कहा कि लगभग सभी बीस करोड़ अट्ठावन लाख घरेलू राशन कार्ड डिजिटल हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है और यह योजना दो हजार उनतीस तक जारी रहेगी।

———————————————————————

आज अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस है। विश्व स्वास्थ्य संगठन संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर प्रति वर्ष यह दिवस मनाता है। इसमें दिव्यांगजन के अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया जाता है। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी दिव्यांग भाई–बहनों को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं देते हुये उनके सुखद भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किय जा रहे हैं।

———————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र आज देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की एक सौ चालीसवीं जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। मुख्य समारोह पटना में लोकभवन के राजेन्द्र चौक और बांस घाट स्थित उनकी समाधि स्थल पर आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद के जन्म स्थान सीवान के जीरादेई में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इधर, शिक्षा विभाग की ओर से राजेन्द्र बाबू की जयंती मेधा दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस अवसर पर पटना के ज्ञान भवन में मेधा दिवस समारोह का आयोजन किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।